हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 30 अगस्त 2025

06 स्कूल भवन के घटिया निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि...



09 राजगढ़ से चुराकर मेवात में कम दामों में बेच दिया...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए वार्डवार मतदाताओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण संधी निर्देश के अन्तर्गत 1 जनवरी 2025 की स्थिति में मतदाता सूची तैयार किया जाना है। इसके लिए प्रभारी अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी प्रशिक्षण दिये जाने के लिए प्राध्यापक, शा. सीएसए महाविद्यालय डॉ उदय डोलस, एवं सहा प्राध्यापक शा कन्या महाविद्यालय लखन लाल कलेशरिया, को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स अधिकारिया नियुक्त किया गया है।

### अवकाश के दिन में बिजली बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत समस्त शनिवार, 30 अगस्त एवं समस्त रविवार, 31 अगस्त को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है साथ ही अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर 100 रूपये से 1000 रुपये तक की छूट दी जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से बिजली का बिल ऑनलाइन भुगतान करने की अपील की है। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं को एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल portal.mpcz.in (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।

### खाली प्लॉटों से बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से कॉलोनी में बीमारियों का बढ़ा खतरा

# स्तुति विहार कॉलोनी के खाली प्लॉट व सड़कों पर जमा बारिश के गंदे पानी में पनप रहे मच्छर

स्तुति विहार कॉलोनी के रहवासियों को कई वर्षों से इन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। खाली पड़े प्लाटों पर बारिश का पानी भरा होने से परेशानियां नहीं हुई हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





भैरूंदा तहसील में इन दिनों रुक-रुक कर हो रही वारिश से मौसमी बीमारियां पैर पसार रही हैं। मलेरिया, डेंगू के साथ ही सर्दी, जुकाम, बुखार सहित अनेकों प्रकार रोग भी हो रहे हैं। चिकित्सकों की मानें तो दूषित पानी पीने तथा ज्यादा समय पर पानी में रहने के कारण लोगों को यह बीमारियां हो रही हैं। बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को सुरक्षित व सूखे स्थान पर रहने की सलाह दी जा रही है। लेकिन नगर की स्तुति विहार कॉलोनी में उल्टा साबित हुआ रहा है। यहां पर खाली पड़े प्लाटों और सड़क पर बने गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण यहां बदबू के अलावा बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। जमा पानी से मच्छरों की संख्या अत्याधिक हो गई है। नपा की ओर से न तो खाली प्लाट वालों पर कोई कार्रवाई की गई और न ही मच्छरों को मारने के लिए दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। हालांकि नगर परिषद् की नज़र में यह कॉलोनी अवैध है। अब यहां के रहवासी भगवान भरोसे है। बीमारी से परेशान लोग अस्पताल में बड़ी संख्या में रोजाना उपचार कराने के लिए पहुंच रहे हैं।

**न सड़के ठीक है न नाली कई वर्षों से जूझ रहे रहवासी :** स्तुति विहार कॉलोनी के रहवासियों को कई वर्षों से इन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। खाली पड़े प्लाटों पर बारिश का पानी भरा होने से परेशानियां नहीं हुई हैं।प्लाटों से बारिश के पानी की निकासी नहीं होने के कारण यह समस्या आ रही है। कई प्लाटों में भरा पानी निकल कर सड़कों पर ही बहता है जिससे आवागमन में भी असुविधा हो रही है। पानी भरा होने के कारण मच्छरों की संख्या बेशुमार हो गई है जिससे बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं। इन प्लाटों से जितना पानी निकालते हैं एक बारिश में इसमें उतना फिर भर जाता। ओपन नालियां नहीं हैं, पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण रहवासियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई वर्षों से लोग के द्वारा आवेदन दिए गए हैं। सिर्फ कोरा आश्वासन मिलता है कि शीघ्र व्यवस्था कराई जाएगी।, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। न कोई कार्रवाई न ही सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। सबसे अधिक समस्या खाली प्लाटों में भरे पानी के कारण आ रही है। खाली पड़े इन प्लाटों में दो-दो फीट पानी तक भरा हुआ है। जिस पर काई भी जम गई है। जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां कितने दिनों से पानी भरा हुआ है। यहां के रहवासियों का जीना दूभर हो रहा है।

### फैल रही बीमारियां-रहवासियों ने प्रशासन की कार्रवाई की मांग

स्तुति विहार कॉलोनी के रहवासियों का कहना है मकानों के आसपास खाली प्लाटों पर भरा पानी मकानों में सीलन पैदा कर रहा है और मच्छरों की भरमार हो रही है। जिसके कारण अनेकों प्रकार के रोग उत्पन्ना हो रहे हैं। सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है। एक ओर चिकित्सक अपने मकानों के आसपास पानी जमा नहीं होने की सलाह लोगों को दे रहे हैं वहीं स्तुति विहार कॉलोनी नगर परिषद की नज़र में अवैध है। ऐसे में किसकी जिम्मेदारी है। इस और ध्यान देने की। यहां पानी निकासी की समस्या में हजारों मच्छर पनप रहे हैं जो लोगों में बीमारी बन रही है। खाली प्लाटों में भरे पानी के कारण मच्छर पनपने से परेशान लोगों में बीमारी उत्पन्न हो रहीं है। खाली प्लाट मालिकों को



नोटिस जारी कर पानी की निकासी कराने की मांग की है ताकि लोग बीमारियों से बच सके।

## सहकारिता कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**सीहोर।** सहकारिता कर्मचारियों ने पिछले दिनों अपनी मांगों को लेकर भोपाल में विन्धायंचल भवन का घेराव किया था तीन सूत्रीय मांगों पर चर्चा हुई लेकिन जो उनकी मांगे थी अभी तक पूरी नहीं हो पाई अब प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। जिसमें 54 हजार से अधिक सहकारिता कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता और कर्मचारी शामिल होंगे क्योंकि पिछले समय जब विंध्याचल भवन का घेराव किया गया था तब भी केवल आश्वासन दिया गया लेकिन मांग पूरी नहीं हुई प्रमुख मांगे सहकारिता कर्मचारियों की ये



है कि 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन आज तक नहीं हुजा तत्काल चयन कराया जाये अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का 54000 जो मात्र 18 जिलों को निल है एवं 34 जिलों में अभी तक भुगतान नहीं किया गया है जिले के कर्मचारियों को तत्काल प्रदान किया जाये बढ़ा हुआा वेतन जिले के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है उन्हें तत्काल शासन के आदेश अनुसार भुगतान करें एवं सहकारिता कर्मचारियों की जो मांगे हैं सभी मांगे समय पर पूरी करें।

### कलेक्टर व सीईओ ने किया बच्चों को पोषण टोकरी का वितरण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिला चिकित्सालय के शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) में एक कदम सुपोषण की ओर कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर में बच्चों को पोषण टोकरी का वितरण किया। सीहोर जिला चिकित्सालय के साथ ही सीहोर ग्रामीण तथा श्यामपुर में भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में डॉक्टरों द्वारा 155 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

इस अवसर पर डीईआईसी में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ और पोषित होना ही हमारे भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। जब बच्चे मजबूत और कुपोषण मुक्त होंगे, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि पोषण केवल शरीर को ताकत देने का साधन नहीं है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास की नींव है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखें।

### बावड़ियाचोर में भीषण सड़क हादसा

## आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, चार लोग गंभीर घायल, मासूम बालिका सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

गांव ब्रिजिशनगर-बावड़ियाचोर मार्ग पर रविवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ, जब दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रेमसिंह निवासी रामदासी (इच्छावर) अपनी चार वर्षीय मासूम बेटी ईशानी के साथ ब्रिजिशनगर की ओर आ रहे थे। उसी समय सामने से अज़हर, आरिफ और अनवर निवासी सीहोर बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। जैसे ही दोनों बाइके बावड़ियाचोर के पास पहुंचीं, अचानक आमने-सामने भिड़ गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि प्रेमसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं दूसरी बाइक पर सवार तीनों युवक भी बुरी तरह घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही राहगीरों ने तुरंत घायलों को सड़क से हटाकर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। राहत की बात यह रही कि प्रेमसिंह की चार वर्षीय मासूम बेटी ईशानी इस भीषण हादसे में सुरक्षित बच गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहन हादसों को न्यौता देते हैं। लोग प्रशासन से सड़क पर स्पीड कंट्रोल और सख्त निगरानी की मांग कर रहे हैं।

### जिले में अब तक 1148.4 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 3.2 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 0, एमएम, श्यामपुर में 2, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 5, भैरूंदा में 19, बुधनी में 0, रेहटी में 0 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 29 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 824.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 916.1 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 29 अगस्त 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 794.6, एमएम, श्यामपुर में 724.9, आष्टा में 649, जावर में 554.6, इछावर में 811.3, भैरूंदा में 824, बुधनी में 1135 तथा रेहटी में 1101.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।



### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेतओं को वितरित किए पुरस्कार

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट में मनाया गया मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शुक्रवार को शास. उत्कृष्ट सीहोर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वालित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थी जीवन में खेल से जुड़ना चाहिए, बताया कि मेजर ध्यान चंद ने भारत को तीन बार हॉकी में ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाए, जो कि भारत के लिए विश्व में सम्मान का विषय है। इस मौके पर 100 मीटर फर्राटा दौड़ , चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, योगा में विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभाएं दिखाई। प्रतिभागियों को पुरस्कार में मेडल और शील्ड प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि गोपाल सोनी विधायक प्रतिनिधि, कार्यक्रम की अध्यक्षा वसंस्था प्राचार्य महोदय द्वारा 100 मीटर दौड़ का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया।



खिलाड़ियों को शुभकामनाः वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. राजेंद्र देशमुख जी ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला और राज्य का नाम रोशन किया जा सकता है। एनएसएस ऑफिसर व वरिष्ठ व्याख्याता देवेंद्र राय सर ने अपने खेल जीवन के अनुभव शेयर करते हुए। खेल के महत्व को उजागर किया। फिजिक्स के विद्वान व्याख्याता, अरविंद पटेल ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की आत्मकथा का उल्लेख किया। उत्कृष्ट सीहोर की पीटीआई अर्चना सिलोदिया जो कि फुटबॉल की राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त है किया है। विद्यार्थियों के समक्ष फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की गई। साथ ही डोली गुप्ता, राष्ट्रीय भारोत्तल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त , खिलाड़ी ने बताया कि हर दिन अपने लिए 30 मिनट का समय निकाल कर फिट और स्वस्थ रहने के टिप्स भी बताए, तभी हम फिट इंडिया मोमेंट ला पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साहू, द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मुख्यअतिथि विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी और प्राचार्य सुनीता जैन मैडम द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही कार्यक्रम के खेल प्रभारी राम वृक्ष भारतद्वाज ने माननीय मुख्य अतिथि महोदय जी का आभार माना व धन्यवाद ज्ञापित किया। उत्कृष्ट सीहोर में 30 अगस्त को समय 1:00 बजे कार्यशाला का आयोजन होगा। 31 अगस्त को समय 10:30 बजे जिला स्तरीय साइकल रैली आयोजन। आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर से शुभारंभ होगा और समापन भी आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर में होगा।

# डॉ. पंकज जैन के खिलाफ जल्द हो एफआईआर :कमलेश दोहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बहुजन समाज पार्टी के कमलेश दोहरे, जिला प्रभारी अनोखी लाल मालवीय, जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध, जिला महासचिव नरसिंह भारतीय के द्वारा कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में पदस्थ डॉ. पंकज जैन विभागध्यक्ष मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट द्वारा सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा के सत्र जुलाई-अगस्त 2025 के तारांकित प्रश्न 532 के संदर्भ में अपनी स्वयं की जानकारी छुपाते हुए षडयन्त्रपूर्वक सारी जानकारी निरंक जवाब प्रस्तुत कर विधानसभा को गुमराह किया है, जबकि डॉ. पंकज जैन द्वारा लगातार गंभीर आर्थिक अनियमितताये की जाती रही है और फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल करने में भी डॉ. पंकज जैन को विभाग द्वारा की गई जांच में दोषी करार दिया गया है। लोकायुक्त जांच एवं आर्थिक अपराध संस्थान भोपाल द्वारा की गई की गई विभिन्न जांचों एवं आर्थिक अनियमितताओं में भी डॉ. पंकज जैन को दोषी बताया गया है। आर्थिक अनियमितताओं से संबंधित जानकारी सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने मांगी थी, जिसका जवाब डॉ. पंकज जैन द्वारा साक्ष्य छुपाते हुए गलत प्रस्तुतीकरण करते हुए पूरी जानकारी विधानसभा में झूठी प्रस्तुत करके शासकीय सेवा अधिनियम के अंतर्गत एक गंभीर अपराध किया है। साथ ही कमलेश दोहरे ने कलेक्टर बालागुरु के. से यह भी चर्चा की है कि कालेज में छात्राओं की पढ़ाई अभी तक प्रारम्भ नहीं है, संस्था में पढ़ाई सुचारू रूप से हो एवं छात्राओं को मिलने वाली स्टेशनरी एवं अन्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाए एवं डॉ. पंकज जैन को तत्काल निलंबित करते हुए प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किये जावे।

## खबर संक्षेप

### पत्रकार बनकर धमकाने वाले के विरुद्ध मामला किया दर्ज

**बुधनी।** वन विभाग की एसडीओ सुकृति ओसवाल से पत्रकार बनकर पैसे की मांग और मामला उजागर करने की धमकी देने वाले आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहगंज निवासी आरिफ पठान नामक आरोपी ने एसडीओ सुकृति ओसवाल को कई बार फोन करके अपना परिचय एक पत्रकार के रूप में दिया और मामला उजागर करने की धमकी देकर पैसे की मांग की हालांकि यह शुरुआत दो लाख रुपए से हुई और अंत में तीन हजार रुपए की मांग आरोपी आरिफ पठान ने की आरोपी बार-बार जंगल कटाई और वन विभाग कर्मियों द्वारा लेनदेन के मामले को अखबार में उजागर करने की धमकी दे रहा था एसडीओ सुकृति ओसवाल को आरोपी पर शक हो गया उन्होंने कॉल रिकॉर्डिंग की और हाल ही में उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई पुलिस ने आरोपी आरिफ के विरुद्ध बीएनएस की धारा 308(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है आरोपी की तलाश की जा रही है।

### शतीश गुप्ता बने हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष



**बुधनी।** भाजपा नेता शतीश गुप्ता को हिंदू उत्सव समिति का अध्यक्ष बनाया गया है उनकी नियुक्ति पूर्व अध्यक्षों की सहमति से की गई है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हिंदू उत्सव समिति की बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें अध्यक्ष पद पर आम सहमति नहीं बन पाई थी इसे लेकर अब गुरुवार को पुनः एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष मौजूद रहे जिन में तुलसीराम मसानिया, आजाद सिंह राजपूत, अर्जुन मालवीय, सुभाष राजपूत,लेख राम यादव,ललित शर्मा,किशन मालवीय,विनोद शिवहरे,मनजीत सिंह राजपूत रमन बब्बर,मनीष परसाई आदि शामिल हुए।

### खेत पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

**सीहोर।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा अनुदान प्रदान किया जाएगा।

### 1 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे भवन का निर्माण कार्य घटिया

# स्कूल भवन के घटिया निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि और विद्यार्थियों ने ठेकेदार के खिलाफ की नारेबाजी

गौरतलब है कि ब्रिजीशनगर हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में करीब सवा करोड़ से अधिक की लागत से अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग की निगरानी में है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





जनपद क्षेत्र के ब्रिजीशनगर हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में शुक्रवार को ग्रामीण और स्कूली छात्र छात्राओं ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल भवन निर्माण करने वाले ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की। दरअसल परिसर में करीब 1 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से एक अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता पर जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों द्वारा सवालिया निशान लगाएं जा रहें है। इसी को लेकर शुक्रवार की सुबह कुछ जनप्रतिनिधियों ने मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के जिम्मेदारों से इसकी शिकायत की। इसपर एजेंसी के कर्मचारी ने शिकायतकर्ताओं के साथ अभद्रता करते हुए निर्माण स्थल से चलें जाने की धमकी दे डाली। इससे ग्रामीण और छात्र छात्राएं आक्रोशित हो गए और उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। स्कूल प्राचार्य ने जैसे तैसे मामला शांत कराया। लेकिन ग्रामीणों ने घटिया निर्माण की शिकायत प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से क़र आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

गौरतलब है कि ब्रिजीशनगर हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में करीब सवा करोड़ से अधिक की लागत से अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग की निगरानी में है। लेकिन जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों द्वारा इसकी गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगाते हुए निर्माण कार्य को बेहद घटिया और निम्न स्तर का बताया जा रहा है।

शुक्रवार की सुबह पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ज्ञान सिंह राठौर कुछ ग्रामीणों के साथ भवन का जायजा लेने निर्माण स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्हें निर्माण कार्य में कई अनियमितताएं देखने को मिली। श्री राठौर ने जब इस संबंध में मौके पर मौजूद ठेकेदार के प्रतिनिधि से शिकायत की उसने शिकायत को गंभीरता से सुनने के बजाय श्री राठौर से अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें मौके से चलें जाने की बात कही। साथ ही धमकी देते हुए कहा कि तुम जहां चाहों वहां शिकायत कर दों हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। इस बात से पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, ग्रामीण और छात्र छात्राएं आक्रोशित हो गए और उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

#### निर्माण कार्य बेहद घटिया

छात्रा सुनिता मालवीय ने बताया कि हमारे विधालय का भवन ठेकेदार द्वारा घटिया स्तर काबनाया जा रहा है , इससे वह कुछ समय में ही जर्जर हो जाएगा। श्री राठौर ने बताया कि ठेकेदार ने भवन की तीन दिन पहले ही छत डाली और शुक्रवार को वह सैंटिंग निकाल रहा था, जब उन्हें इसकी सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद ठेकेदार के व्यक्ति से इतनी जल्दी सेंटिंग नहीं निकालने की बात कही। इससे वह व्यक्ति भड़क गया और अभद्र व्यवहार करते हुए मुझे वहां से चले जाने की धमकी देने लगा। निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन और निम्न स्तर का है। इस संबंध में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा एवं प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। ताकि मामले की जांच कर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जा सकें।

#### मनमर्जी अनुसार हो रहा निर्माण कार्य

यह सच है कि भवन निर्माण में ठेकेदार द्वारा कुछ अनियमितताएं बरती जा रही है,सुधार को लेकर मैनें कई बार ठेकेदार को बोला , लेकिन वह अपनी मनमर्जी अनुसार ही काम कर रहा है।

**बाबूलाल मालवीय,** स्कूल प्रभारी

#### गुणवत्तापूर्ण हो रहा निर्माण कार्य

उक्त भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व मापदण्ड अनुसार ही कराया जा रहा है, जनप्रतिनिधि से अभद्रता करने की घटना के संबंध में मुझे जानकारी नहीं है।

**दिलीप राठौड़,** उपयंत्री पीडब्ल्यूडी

## खेल ही एक ऐसा माध्यम है जो शरीर और मस्तिष्क दोनों का विकास करता है : डॉ.अजय तेलंग



**सीहोर।** श्री सत्य साईं प्रोद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय सीहोर के शारीरिक शिक्षा विभाग में 29 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मेजर ध्यानचंद की 120 वीं जन्म जयंती को खेल विभाग के योगा सभागार में बड़े ही हर्षोल्लास और ओजस्विता के साथ कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण ओर दीप प्रज्वल के साथ किया गया साथ ही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धीरज शिंदे, वक्ता के रूप में दिग्विजय सिंह यादव व कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय तेलंग ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए डॉ. धीरज शिंदे ने छात्रों से अपने वक्तव्य में कहा कि मेजर ध्यानचंद जिन्होंने हॉकी में देश ही नहीं वरन विदेशों में भी भारत का तिरंगा लहराया है जिससे उनकी ख्याति संपूर्ण विश्व में हॉकी के जादुगर के रूप में हुई। यादव ने कहा कि मेजर ध्यानचंद एक ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने चांदनी रात की रोशनी में अपने खेल को निखारने के लिए रात रात भर प्रैक्टिस की जिसके कारण उनको मेजर ध्यानचंद की उपाधि दी गई एवं कार्यक्रम में खेल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय तेलंग ने मेजर ध्यानचंद जी का जीवन परिचय ओर उनके जीवन के कई महत्वपूर्ण पलों को छात्रों को रूबरू कराया विभाग के प्राध्यापक रोहन यादव ने विद्यार्थियों को जीवन में खेलो के महत्व और उनकी जीवन में उपयोगिता बताई साथ ही कार्यक्रम का आभार शिक्षा विभाग के प्राध्यापक आशीष मेवाड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग के हृदेश यादव, नवीन वर्मा, लोकेश वर्मा छात्र – छात्रों सहित सम्पूर्ण सदस्य उपस्थित रहे।

### शाला प्रबंधन समिति का निर्वाचन संपन्नः रुकसाना बी बनी अध्यक्ष, तो रशीद शाह को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**भैरूंदा।** शासन के निर्देश अनुसार शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 5 के शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रबंधन समिति का निर्वाचन सर्वसम्मति से निर्विरोध सम्पन्न हुआ। रुकसाना बी को अध्यक्ष व रशीद शाह को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। शाला प्रबंधन समिति के गठन में बच्चों के माता,पिता ओर विद्यालय की शिक्षिका आशा किर,रजनी पंवार,साधना गौर ने भागीदारी की।समिति गठन के पश्चात जिला शिक्षा समिति की सदस्य व जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 की सदस्य जलज चौहान ने समिति के समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी एवं समिति के सहयोग का आश्वाशन दिया। समिति गठन के पूर्व शिक्षा अधिकार कानून 2009 के अनुसार शाला प्रबंधन समिति की विद्यालय में भूमिका विषय पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय पटेल ने बच्चों के अभिभावकों से चर्चा की।समिति के कार्य निःशुल्क ओर अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 21 के प्रावधान अनुसार प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में प्रत्येक 2 वर्ष में शाला प्रबंधन समिति का गठन होता है। इस समिति को विद्यालय स्तर पर योजना निर्माण,क्रियान्वयन एवं निगरानी का अधिकार है।

## फिट इंडिया मूवमेंटः सभी शारीरिक, मानसिक भावनात्मक रूप से स्वस्थ हो : भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय

### मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन, तीन दिवसीय प्रतियोगिताएं शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। शुक्रवार को तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ नगर के खेल मैदान पर हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय हॉकी को विश्वभर में पहचान दिलाई। मालवीय ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल बच्चों के लिए नहीं बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए है ताकि हर व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सके। उन्होंने अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी जैसे उम्रदराज कलाकारों का उदाहरण देते हुए कहा कि फिटनेस की कोई उम्र नहीं होती।

उन्होंने लोगों से रसोई में तेल का इस्तेमाल 10 प्रतिशत कम करने और बच्चों को जंक फूड की जगह फल और सलाद खाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की शपथ दिलाई। शुक्रवार को खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी गई और फिट इंडिया की शपथ ली गई। 30 अगस्त को खेल पर चर्चा, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं और पारंपरिक खेल जैसे पिट्ठू, कबड्डी और योग का आयोजन किया जाएगा। 31 अगस्त को ग्राम पंचायत, नगर पालिका, विकासखंड और जिला स्तर पर साइकिलिंग गतिविधियों का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त, नर्मदा नदी के किनारे स्थित बुधनी और भैरुंदा विकासखंडों में विशेष रूप से नाव दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

**अधिकारी, जनप्रतिनिधियो ने लगाई दौड़, रस्सा कसी में भी दिखाया जोर :** आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने भी लम्बी दौड़ लगाई और रस्सा कसी में भी जोर आजमाइश के साथ सहभागिता की, तो वहीं मौजूद पत्रकारों के साथ भी अधिकारियों ने लंबी दौड़ लगाई और रस्सा कसी में ज़ोर आजमाइश लगाया पत्रकारों ने भी अपनी सहभागिता दिखाई। स्कूली बच्चों के बीच लम्बी दौड़ ,रस्सा कसी, कबड्डी, खो-खो सहित अन्य खेल प्रतियोगिता में भाग ले कर सहभागिता की।

**हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान : एसडीएम :** एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने कहा फिट इंडिया मिशन के तहत 29 से 3अगस्त तक तीन दिवसीय खेल और फिटनेस जन अभियान के रूप में मनाया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य शारीरिक गतिविधियों और एक सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है। हर गली हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान - युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, खेलों व स्वस्थ जीवन के प्रति जागरुकता बढ़ाना, खेल भावना और एकता का संदेश देना, खेल प्रतिभाओं को पहचानना और सम्मानित करना।

समस्त विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर नागरिकों युवाओं सहित खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी ओम पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल,कपिल खंडेलवाल, ओम पटेल, अमित मीना, रितेश मकवाना, मेहरबान सिंह सहित तहसीलदार संदीप गौर, सौरभ शर्मा, नायब तहसीलदार अनीस खांन, खेल शिक्षक सचिन त्रिवेदी, नीलमणी सेंगर सहित स्कूली विद्यार्थी मौजूद थे।

### मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

# खेल और फिटनेस महोत्सव आयोजित, बच्चों को दिलाई खेलो इंडिया फिट इंडिया की शपथ





हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय खेल एवं फिटनेस महोत्सव का आयोजन हो रहा है। जिसमें खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में शाहगंज स्थित संदीपनी स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक रमाकांत भार्गव ने किया।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, एसडीएम दिनेश सिंह तोमर,सीएमओ रामानुज मिश्रा,थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान,संस्था प्रधान हरीश बरिया साहित शाला स्टॉफ स्कूली बच्चे मोजूद रहे। खेल महोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव ने कार्यक्रम में मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया। स्कूल में मौजूद बच्चों को खेलो इंडिया फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई। तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रथम दिवस एक घंटा खेल के मैदान में अभियान के अंतर्गत योग, फुटबॉल, दौड़, बैडमिंटन जैसे अन्य खेलों का आयोजन किया जाएगा। तो वहीं दूसरे दिन खेल विषयक सेमिनार, महिला फुटबॉल मैच और एंटी-डोपिंग जागरूकता कार्यक्रम होंगे तीसरे दिन 5 किमी संडे ऑन साइकिल रूट पर साइकिल रैली आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि खेलो इंडिया, फिट रहो इंडिया के संकल्प को साकार करने की दिशा में जन-आंदोलन है, जिससे प्रदेश में खेल संस्कृति मजबूत होगी।

## परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



विश्व जनसंख्या स्थिरता माह के तहत 11 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित अभियान में परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत परिवार नियोजन के अस्थाई साधन पर वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें विकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसास्ति पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत किया। आयोजित सम्मान समारोह में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. मालती आर्या, एपीएम और इछावर ब्लॉक के सीबीएमओ डॉ अंकित चांडक,डॉ रश्मि, बीई , बीसीएम, आई-पास संस्था से संभागीय समन्वयक डॉ पंकज मिश्रा, जिला समन्वयक विनय पाठक उपस्थित थे।

### समाधि स्थल पर देंगे पुष्पांजलि गांधी की स्मृति में करेंगे पौधरोपण



**सीहोर।** सैकड़ा खेड़ी समाधि स्थल शहीद स्मारक पार्क में रविवार सुबह 11बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनप्रतिनिधि समाजसेवी कवि कहानीकार लेखक और पत्रकारों के साथ गणमान्य नागरिक पत्रकार स्वर्गीय ऋषभ गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करेंगे और उनकी स्मृति में पौधा रोपण कर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। पुष्पांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रामनारायण ताम्रकार के द्वारा की जाएगी एवं विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल मीडिया फाउंडेशन के जिला संयोजक भाजपा नेता मनोज शर्मा सम्मिलित होंगे। आयोजक नेशनल मीडिया फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र नागर ने बताया कि अंग्रेजों के खिलाफ देश और धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की गौरव गाथा जन-जन तक पहुंचने वाले सैकड़ा खेड़ी स्थित शहीद समाधि स्थल के प्रति आस्था जगा कर बलिदानियों की रक्त रंजित गाथा को जन जन तक पहुंचने में संघर्षशील रहे भारतीय संस्कृति के रक्षक सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाकर आगे बढ़ाने वाले सीहोर जिले की पत्रकारिता के पुरोधा निडर और साहसिक पत्रकार स्वर्गीय गांधी को हम सब मिलकर याद करेंगे।

## पुलिस ने अंतरराज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, 6 आरोपी गिरफ्तार

# राजगढ़ से चुराकर मेवात में कम दामों में बेच दिया करते थे ट्रैक्टर



पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कान्फ्रेंस में किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिला पुलिस को टैक्टर चोरी के मामलों की पतारसी में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अपने सूचनातंत्र और तकनीकी सहायता से एक अंतराज्जीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है जो राजगढ़ जिले से टैक्टरों का चुराकर उन्हें राजस्थान और हरियाणा राज्यों में बहुत कम दामों बेच दिया करता था। मामले में पुलिस ने 06 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए विगत दिनों ब्यावरा व मलावर से चोरी हुए दो टैक्टर बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने गुरुवार शाम स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मामले में कुल दस आरोपी संलिप्त हैं जिनमें से छह को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं चार आरोपी फिलहाल फरार हैं जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### ब्यावरा और मलावर से चोरी हुए थे 02 टैक्टर

पुलिस ने बताया कि ब्यावरा थाने में फरियादी सुरेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 31 जुलाई 2024 की रात्रि उनका स्वराज कंपनी का टैक्टर अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस पर ब्यावरा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी तरह मलावर थानाक्षेत्र के तहत प्रहलाद यादव नाम के व्यक्ति ने रिपोर्ट लेख कराई की उनका फार्मा कंपनी का टैक्टर अज्ञात चोर चुरा ले गए हैं। उक्त दोनों मामलों में एफआईआर पंजीबद्ध होने के बाद नरसिंहगढ़ एसडीओपी सुश्री मिनी शुक्ला एवं ब्यावरा एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में ब्यावरा टीआई वीरेंद्र धाकड़ एवं मलावर टीआई देवेंद्र राजपूत के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। उक्त टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज एवं अपने मुखबिर तंत्र की सहायता से यूपी, राजस्थान, हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर करीब 1 हजार किमी का सफर तय कर गहन जांच-पड़ताल की एवं अंततः एक स्थान पर घेराबंदी करके दोनों टैक्टरों को आरोपियों सहित पकड़ लिया गया।

### पुलिस पूछताछ में खुलासा

पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह अंतराज्जीय स्तर पर वारदातों को अंजाम देता है और टैक्टरों की रैकी उपरान्त उन्हें चुराकर राजस्थान और हरियाणा के मेवात क्षेत्र में बेच दिया करता था। गिरोह का मास्टरमाइंड गुड्या उर्फ राजेंद्र मीणा है जो पूरे नेटवर्क को संचालित करता है।

### छह आरोपी गिरफ्तार और 4 अभी फरार

पुलिस ने बताया कि मामले में कुल 10 आरोपी बनाए गए हैं जिनमें छह आरोपी गुड्डया उर्फ राजेन्द्र मीणा पिता मिश्रीलाल निवासी रतौधना, थाना चाचैड़ा (गिरोह का मास्टरमाइंड), संदीप लववंशी पिता प्रेमसिंहनिवासी बैरियाखेड़ी थाना सुठालिया, अभिषेक मीणा पिता बनेसिंह निवासी बैरियाखेड़ी थाना सुठालिया, गोपाल गुर्जर पिता तखतसिंह निवासी आगरी थाना मलावर, अनिल लववंशी पिता कंवरलाल निवासी तलावड़ा थाना मलावर एवं दीपक लववंशी पिता गौरेलाल निवासी तरैनी, थाना मलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही चार आरोपी फिलहाल फरार हैं जिनमें इलियास पिता रोशन निवासी हुल्ताना थाना जुरहरा जिला डींग (राजस्थान), भगवान सिंह लववंशी, निवासी तलावड़ा थाना मलावर, रवि बैरागी निवासी ककरुआ, थाना चाचैड़ा एवं शेखर कुशवाह, निवासी रतौधना, थाना चाचैड़ा शामिल हैं।

# दो बच्चों की मां 10 लाख रुपए के जेवर 1 लाख 4 हजार नकद लेकर हुई फरार

## विवाह करने के लिए लड़की के पिता को दिए थे डेढ़ लाख रुपए

5 वर्ष पूर्व हुआ था अंतर जाति विवाह, पीड़ित महाजन समाज का गोंड समाज की लड़की से किया था विवाह, पीड़ित न्याय के लिए बच्चों के साथ थाने में लग रहा चक्कर फरार होने के पहले पीड़ित ने दो दिन पहले थाने में दिया था आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶तलेन

आए दिन शादी के नाम पर लुटेरी दुल्हन शादी के बाद धन दौलत लूट कर फरार होने के प्रकरण आए दिन देखे जा रहे हैं इसी प्रकार नगर में 16 अगस्त को मनोज कुमार पड़तानी आयु 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 8 तलेन की पत्नी जामवती बाई आयु 13 वर्ष जाति गोड दो बच्चे एक पुत्री डेढ़ वर्ष एक पुत्र 4 वर्ष को छोड़कर रात्रि ऊपर छत से पड़ोस के निर्माण दिन मकान से कूद कर 10 लख रुपए के सोने के जेवर 104000 नगद लेकर फरार हो गई पीड़ति मनोज कुमार पड़तानी को उस पर शंका होने पर दिनांक 14 अगस्त को तलेन थाने में आवेदन दिया था जिसमें उल्लेख किया गया था कि मेरे पास 921488 5105 एवं 9555452612 करीब 4 मोबाइल नंबर से आए दिन फोन आते हैं जब मैं उससे बात की तो उसका कहना




है कि तेरी पत्नी को हम उठा ले जाएंगे जब मैं पत्नी से पूछा तो उसने मना कर दिया कि मुझे नहीं मालूम किसके नंबर है 16 अगस्त की रात्रि को फरार हो गई तब मनोज कुमार पड़तानी ने थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज की तलेन थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज की गई 23 अगस्त को फिर मनोज कुमार पड़तानी के पास फोन नंबर 8595067944 से फोन आया उसकी पत्नी द्वारा बात की गई उसका कहना था कि मेंने विवाह कर लिया है मैं अब नहीं आऊंगी मनोज कुमार पड़तानी ने मोबाइल से उसकी पत्नी से तलेन थाने में पुलिस आरक्षक द्वारा उसकी पत्नी से बात कराई गई पीड़ति मनोज कुमार पड़तानी ने बताया कि जिन-जिन नंबरों से बात हुई जो जो नंबर अभी तक है करीब आधा दर्जन मोबाइल नंबर में तलेन थाने में दे चुका हूं दो आवेदन दे चुका हूं गुमशुदगी की पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज भी की गई परंतु मुझे अभी तक कोई न्याय नहीं मिला मैं बर्बाद हो गया मेरे छोटे-छोटे बच्चे बिलख रहे हैं मैं न्याय के लिए तलेन थाने में चक्कर काट रहा हूं लुटेरी दुल्हन पर प्रकरण कायम कर मेरे जेवरात रुपए दिलाए जाए ताकि मेरे बच्चों को काम आ सके उल्लेखनीय है कि इस लुटेरी दुल्हन को ले जाने में करीब आधा दर्जन लोग सम्मिलित है इस लुटेरी दुल्हन का पता ग्राम तहसील हारी जिला छिंदवाड़ा है।

### आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

थाना परिसर में गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या मंगलवार शाम को नगर वा क्षेत्र के नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमे आगामी त्योहारों को लेकर सभी विभागों से अपनी अपनी व्यवस्थाओं को चाक चैबंद करने की बात कही जिसमे बिजली सफाई और सुरक्षा को लेकर सभी ने अपने अपने बात रखी गणेश चतुर्थी पर गणेश स्थापना कर झाकियां बनाने वालो को भी व्यवस्था बनाने को लेकर समझाइश दी गई ! साथ ही नगर में विचरण करने वाले आवारा पशुओं को भी व्यवस्थित करने की बात उपस्थित लोगों ने की ।

## नपा ने संपन्न करवाया भूमिपूजन

# संकट मोचन कॉलोनी में 61 लाख से बनेगी सीसी रोड और नालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

नगर के वार्ड-08 स्थित संकट मोचन कॉलोनी के आंतरिक मार्ग खासी बदहाल स्थिति में है। आलम यह है कि रहवासियों को कीचड़ भरी राह से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा इस कॉलोनी में करीब 61 लाख रुपए की लागत से विभिन्न स्थानों के आंतरिक मार्गों पर सीसीकरण एवं नाली निर्माण कार्य करवाया जाएगा। उक्त कार्य के लिए गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों की मौजूदगी में भूमिपूजन संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर विधायक यादव ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है और विकास का हर वादा पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीसी रोड और नाली निर्माण होने से वार्ड में आवागमन सुलभ होगा एवं जलभराव व गंदगी की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। नपाध्यक्ष विनोद साहू ने कहा कि नगर के हर वार्ड में हम चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य करवा रहे हैं। आने वाले समय में नवीन कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, दीपेंद्र चैहान, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, जिपं सदस्य बबलू पटेल, युमो जिलाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि केपी पंवार, पार्षद श्रीमती प्रकाश पंवार, सचिन मौर्य, संदीप कटारिया, नरेंद्र विजयवर्गीय, श्याम गुर्जर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।



# उत्कृष्ट कार्य पर राजगढ़ के सहायक यंत्री नीलेश जबलपुर में सम्मानित

## अपनी कार्यक्षमता से महज 10 दिनों में बदल दिया था पावर ट्रांसफार्मर



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गत रबी सीजन में अचानक फेल हुए पावर ट्रांसफार्मर को महज 10 दिनों में बदलकर नए और अधिक क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर को सफलता से स्थापित करने के चलते राजगढ़ में पदस्थ सहायक यंत्री नीलेश बास्त्री को जबलपुर में सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि रबी सीजन के बीच 220 केवी सब-स्टेशन राजगढ़ (ब्यावरा) में स्थापित 02 में से एक 40 एमव्हीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर के फेल हो जाने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। किसानों को सिंचाई हेतु समय पर पर्याप्त विद्युत उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती बन गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एमपी ट्रांसको के उच्च प्रबंधन ने तत्काल निर्णय लेते हुए एक अन्य उपकेंद्र के लिए आवंटित ट्रांसफार्मर को मार्ग से ही राजगढ़ के लिए डायवर्ट कर दिया। राजगढ़ सबस्टेशन में पदस्थ एई नीलेश बास्त्री ने पुराने ट्रांसफार्मर को डिस्मेंटल कर नए ट्रांसफार्मर की स्थापना का चुनौतीपूर्ण कार्य प्रारंभ किया। सामान्यतः इस प्रकार का कार्य पूरा होने में कम से कम एक माह का समय लगता है।

### जबलपुर में प्रबंध संचालक ने किया सम्मानि

इस विशेष उपलब्धि के लिए जबलपुर मुख्यालय में आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने एई नीलेश बास्त्री को वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सिल्वर मेडल, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## 200 परिवार पानी की किल्लत से परेशान

# सरकारी ट्यूबवेल से पानी सप्लाई बाधित, ज्ञापन सौंपा



**सारंगपुर।** समीप ग्राम पड़ाना में सरकारी ट्यूबवेल और पानी की टंकी का निर्माण आवास योजना अंतर्गत किया गया था, जिससे करीब 100 से 200 परिवारों को पानी उपलब्ध हो रहा था ग्रामीणों ने बताया कि हिन्दू और मुस्लिम समाज के लोग भाईचारे से इस ट्यूबवेल से पानी भरते थे, लेकिन कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर ट्यूबवेल की केबल काट दी गई और पानी की होल लाइन को भी बंद कर दिया गया। इससे ग्रामीणों को बीते चारदृपांच दिनों से भारी पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कारण 100 से अधिक परिवारों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। 27 अगस्त को ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पड़ाना और चैकी प्रभारी को लिखित आवेदन देकर समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसको लेकर परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को एसडीएम रोहित बम्होरे से शीघ्र ही पानी की समस्या का निराकरण कराने और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन देने वालों में सरपंच गोकुल दूघरिया,आयशा बी,राजल बाई,शमीना,शहीदा बी,सरिता बाई,शमीम बी,चम्पा बाई सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा थे।

### अंतराष्ट्रीय चैम्पियनशिप में ललित मंडलोई ने की सहभागिता



*राजगढ़। मुख्यालय समीपस्थ ग्राम बखेड़ निवासी ललित मंडलोई ने अंतराष्ट्रीय एशियाई वुडबॉल चैम्पियनशिप इंडोनेशिया में सहभागिता की। वुडबॉल चैंपियनशिप में ललित मंडलोई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश को गौरवान्वित किया है। टीम इवेंट में ललित ने कांस्य पदक जीतकर यह बता दिया की गांव का खिलाड़ी भी विश्व पटल पर अपनी छाप छोड सकता है। ललित मंडलोई शरदा विहार आवासीय विद्यालय भोपाल में अध्ययरत रहते हुए वहीं रहकर वुडबॉल की प्रैक्टिस भी करते है। शारदा विहार आवासीय विद्यालय के प्रबंधक राजेश तिवारी एवं राजेन्द्र पाल ने ललित की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।*

### अंचल कान्वेंट स्कूल ने गणेश जी की शोभायात्रा निकाली



जीरापुर। अंचल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणपतिजी की विशाल शोभायात्रा विद्यालय से प्रारंभ की गई।जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई बुधवारिया बाजार , इंदर चैराहा, बस स्टैंड पहुंची मध्य रास्ते में विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं सहित समस्त विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा में विभिन्न कार्यक्रम नगर के प्रमुख प्रमुख स्थानों पर प्रस्तुत किये। विद्यालय के बालक बालिकाएं मध्य रास्ते में गरबा नृत्य के साथ-साथ नाटक एवं भजनों की प्रस्तुति जिसमें विशेष कर गणेश स्तुति , ऑपरेशन सिंदुर , विधवा एवं कुप्रथा , रानी सती सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित एवं अर्थ नारिश्वर पर भी अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया।

## महीनों बाद ली प्रसूताओं के आहार की सुध, सोता रहा विभाग

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में प्रसूता महिलाओं को मिलने लगा पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ा

हाल ही में प्रसूता महिलाओं को पोषण आहार न मिलने की खबर को लेकर जो मुद्दा मीडिया में उठाया गया था, उसका तत्काल असर देखने को मिला है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में अब प्रसव के बाद महिलाओं को नियमित रूप से पोषण आहार वितरित किया जा रहा है। यह पहल न केवल शासन की सक्रियता का प्रमाण है, बल्कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका और जनचेतना का भी सशक्त उदाहरण बन गई है। खबर के प्रसारण के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए तत्काल व्यवस्था दुरुस्त की, जिससे प्रसूताओं को अब लाभ मिल रहा है। बोड़ा के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस सकारात्मक बदलाव पर हर्ष व्यक्त करते हुए मीडिया, जनप्रतिनिधियो शासन और प्रशासन



के प्रति धन्यवाद और आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जब व्यवस्था में किसी तरह की कमी को उजागर किया जाता है और उस पर त्वरित कार्रवाई होती है, तो समाज का विश्वास और मजबूत होता है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि इस तरह की जागरूकता और तत्परता आगे भी बनी रहेगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की माताओं और शिशुओं को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहें।

# राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन से लौटे पत्रकार से लूट और मारपीट

**कुरावर।** पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान की बात करने वाले दावे हकीकत में कितने खोखले साबित हो रहे हैं, इसका जीता-जागता उदाहरण बीती रात कुरावर में देखने को मिला। राष्ट्रीय स्तर के पत्रकार सम्मेलन से लौट रहे हरिभूमि समाचार पत्र के पत्रकार मनोज मेवाड़े के साथ बीच रास्ते पर न केवल लूट व मारपीट की गई, बल्कि आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंपने के बावजूद पीड़ित को इंसाफ तक नहीं मिला। जानकारी के अनुसार, चेन्नई में आयोजित भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन से लौट रहे पत्रकार मनोज मेवाड़े अपने दो साथियों के साथ शनिवार रात लगभग 1:30 बजे कुरावर पहुंचे। घर लौटते समय बस स्टैंड के पास कुछ शराबी असामाजिक तत्वों ने अभद्रता करना शुरू की आरोपियों ने उनका मोबाइल छीन लिया और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर समीप के मकान से उन्हें बचाने आए दौड़कर आरोपियों को पकड़ा 100 डायल को बुलाकर उनके सुपुत कर दिया गया और तत्काल पुलिस के हवाले कर दिया। लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने कुरावर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। पीड़ित पत्रकार का कहना है कि हेड कांस्टेबल प्रदीप बैरागी और एस आई चुन्नीलाल कुशवाह ने आरोपियों को पकड़कर लाने के बाद भी न उनका मेडिकल कराया और न ही रिपोर्ट दर्ज की। उल्टा पीड़ित को घंटों थाने में बैठाए रखा गया। इसी बीच थाना प्रभारी संगीता शर्मा को कई बार कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझा। स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि यह पूरा घटनाक्रम दर्शाता है कि कुरावर पुलिस अपराधियों की बजाय पत्रकारों को परेशान करने में ज्यादा रुचि ले रही है।

## कलाकार ने बनाई 12 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

नगर के नृसिंह स्टेडियम में आज से सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महाआयोजन का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। पिछले एक माह से नरसिंहगढ़ सहित कुरावर, बोड़ा, तलेन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु एवं युवा इस आयोजन की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। इस धार्मिक अनुष्ठान को धर्माचार्य सोमेश परसाई विधि-विधान से सम्पन्न करवाएंगे। आयोजन के अंतर्गत सात दिनों तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे



से शाम 6 बजे तक महिला-पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा लगभग 18 लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। इसके उपरांत महा रुद्राभिषेक, महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण होगा। आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन में नगर के मूर्तिकार कलाकार ओ.पी. चैहान द्वारा 12 फीट ऊँची भगवान शिव की प्रतिमा ओर 9 फिट ऊंचा शिवलिंग तैयार किए गए हैं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# नपा सारंगपुर में 'मेरी मिट्टी-मेरे गणेश' योजना अंतर्गत गणेश प्रतिमा की स्थापना

**सारंगपुर।** बुधवार को गणेश चतुर्थी का पावन पर्व नगर पालिका परिषद सारंगपुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मेरी मिट्टी-मेरे गणेश योजनांतर्गत पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी से निर्मित भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे द्वारा की गई। विशेष वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई और नगर की सुख-शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की गई। परंपरा अनुसार यह पर्व 10 दिनों तक विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा तथा प्रतिमा का विसर्जन अनंत चतुर्दशी के दिन नगर पालिका



परिसर स्थित पार्क में किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि भानु प्रसाद लववंशी सहित परिषद के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वही गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मुख्य नपा अधिकारी के निर्मित नवीन कक्ष का वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन शांति यज्ञ के साथ विधि विधान पूर्वक नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे ने नवीन कक्ष में प्रवेश कर कर्मचारियों के साथ यज्ञ पूर्ण आहुति दी गई।

खबर संक्षेप

## तपस्वियों का बहुमान समारोह संपन्न

**आष्टा।** क्षमा ही वीरों का सच्चा आभूषण हैं, क्योंकि जो वास्तव में शक्तिशाली और पराक्रमी होता है, वही क्षमा करने की क्षमता रखता है तथा तप ही धर्म का मूल है। तपस्या से व्यक्ति की संयम शक्ति, मनोबल, संकल्प शक्ति बढ़ती है और आत्मा का शुद्धिकरण होता है जिससे मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। जैन धर्म में क्षमा का विशेष महत्व है और क्षमावाणी पर्व बड़ी ही आस्था के साथ मनाया जाता है। जब भी जैनबंधु इस पर्व में आपस में मिलते हैं मिच्छामि दुक्कड़म वाक्यांश का उपयोग करते है, जिसका अर्थ होता है मेरे द्वारा जाने अनजाने में की गई गलती मिथ्या हो जाये। उक्त बाते मानस भवन में आयोजित श्वेताम्बर जैन समाज के क्षमावाणी पर्व एवं तपस्वियों के बहुमान समारोह के अंतर्गत परम पूज्य साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी म.सा. द्वारा कही गई। पिछले 45 दिनो से श्वेताम्बर जैन समाज के नूरांश श्रीश्रीमाल, पराग धाड़ीवाल, यश मेहता, उमेश श्रीश्रीमाल, कु. नेहल सुराणा, कु. कृति वोहरा, प्रमिला श्रीश्रीमाल, शेफाली देशलहरा, संगीता सुराणा, सोनम देशलहरा, साधना वेदमुथा, हीरा ललवानी, सुनीता कटारिया तथा अरूणा कोचर का कठिन सिद्धितप जारी था जिसके समापन का अवसर था। जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ, महावीर स्वामी गंज मंदिर समिति तथा आगमोद्धारक चातुर्मास समिति के सौजन्य से सभी तपस्वियों की बग्गी में शोभायात्रा श्री मालव गिरनार तीर्थ किला मंदिर से प्रारंभ हुई जो बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार, गंज, सुभाष चौक, अदालत चौराहा, कन्नौद रोड, कॉलोनी चौराहा, गल चौराहा होते हुये मानस भवन पहुंची। भव्य शोभायात्रा में तपस्वियों के परिजन ढोल के साथ तपस्वी की बग्गी के सामने नाचते-गाते हुये चल रहे थे। अनेक स्थान पर विभिन्न संगठनो द्वारा इस भव्य शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

### शासकीय प्राथमिक शाला के 80 बच्चों को शिक्षा और शिक्षक का इंतजार

# एक शिक्षक एक घंटा चौथी, पांचवी और दूसरे घंटे में पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा को पढ़ा रहा

शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक ही नहीं है। बालक बालिकाएं कैसे पढ़ेंगे वह आगे बढ़ेंगे। बोर्ड परीक्षा में बच्चों को होगी परेशानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



आष्टा विकासखंड का सबसे बड़ा ग्राम सिद्धिगंज है, वही शासकीय प्राथमिक शाला सिद्धिगंज में एक ही शिक्षक के भरोसे स्कूल चल रहा है। जिसमें 80 बालक बालिकाएं अध्ययन करते हैं। इन 80 बच्चों का भविष्य अंधकार में दिखता नजर आ रहा है। सरकार बच्चों को पढ़ाओ अभियान समय-समय पर चलती है। पर शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक ही नहीं है। बालक बालिकाएं एसै में कैसे पढ़ेंगे व आगे बढ़ेंगे। शासकीय प्राथमिक शाला की बालिका काजल व रिया ने बताया कि हमारे स्कूल में केवल एक ही शिक्षक है। शिक्षक एक घंटे हम चौथी पांचवी कक्षा को पढ़ाते हैं। फिर दूसरे घंटे में पहली दूसरी तीसरी कक्षा को पढ़ते हैं। और कुछ समय स्कूल का कार्य भी करते हैं।

### 80 बच्चों की परेशानी, जब पूरे विषय पढ़ ही नहीं पाए तो बोर्ड परीक्षा में क्या लिखेंगे

हमारी पांचवी कक्षा में 27 बालक बालिका है। हमारी बोर्ड की कक्षा है, हमारे स्कूल में शिक्षक नहीं होने के कारण हमारी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ना तो हमारे पास विषय अनुसार शिक्षक है, ना ही कोई पढ़ने वाला है। अभी हमारी किताबों के एक-एक व दो-दो पाठ ही पढ़ाया गए हैं। वही हमारी मासिक परीक्षा भी हो रही है। जब हमें शिक्षक पढ़ते ही नहीं है तो हम मासिक परीक्षा में क्या लिखे। बालक बालिकाओं से पूछा गया कि आपके स्कूल में कितने शिक्षक है तब सभी बालक बालिकाओं ने बताया कि हमारे स्कूल में एक ही शिक्षक है जब शिक्षक एक कक्षा में पढ़ते हैं तब दूसरी कक्षा के बच्चे इधर-उधर ग्राउंड में घूमते नजर आते हैं व कक्षा पांचवी के बालक बालिकाओं ने बताया कि कई बार तो शिक्षक स्कूल कार्य में व्यस्त रहते हैं तो हमें कोई नहीं पड़ता है हम स्वयं ही सभी बच्चे पढ़कर मध्यान भोजन खाकर हमारे घर 4 लौट जाते हैं।

### शिक्षक के बिना बच्चों का भविष्य अंधकार में

सरकार बच्चों को पढ़ने के लिए तरह-तरह के अभियान चलाती है। ताकि बच्चा पड़े वह शिक्षित हो सके। पर ऐसा दिखता नजर नहीं आ रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला सिद्धिगंज के 80 बच्चों का जीवन अंधकार में जा रहा है। शिक्षा विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वही पालक संघ अध्यक्ष पारस विश्वकर्मा व पालक संघ सदस्य भागीरथ बागवान, रोहित, विश्वकर्मा राजेंद्र वर्मा, राकेश कुमार, आदि द्वारा बताया गया कि हमारे बालक बालिकाओं के जीवन को अंधकार में झोंका जा रहा है। प्राथमिक शाला में एक ही शिक्षक है। हम हमारे बच्चों को स्कूल बड़ी आस लगाकर पहुंचते हैं। ताकि हमारा बच्चा पड़ लिखकर कुछ बने व हमारा नाम रोशन करें। पर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। क्या शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल में शिक्षक नहीं पहुंचा जा सकते। वही पालक संघ अध्यक्ष पारस विश्वकर्मा ने बताया कि हमारे द्वारा संकुल प्राचार्य गौरीशंकर वर्मा को कई बार सूचना दे चुके हैं की शासकीय प्राथमिक शाला सिद्धिगंज में शिक्षक की व्यवस्था की जाए। ताकि बच्चों को समय पर पढ़ाया जा सके पर अभी तक भी कोई शिक्षक स्कूल में नहीं आया है।

### एक शिक्षक पांच कक्षाएं भी संभाल रहा, विभाग के अन्य कार्य की भी निभा रहा जिम्मेदारी

स्कूल प्रभारी आजाद सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि प्राथमिक शाला सिद्धिगंज में अकेला ही वर्तमान में पदस्थ हूं। मेरे द्वारा समय-समय पर बालक बालिकाओं को कक्षा वार पढ़ाया जाता है और स्कूल का अन्य कार्य भी करता हूं। जिस कारण मुझे परेशानी होती है। मेरे द्वारा संकुल केंद्र पर भी सूचना दे चुका हूं।

### शिक्षा विभाग ध्यान दे तो सुधरे बच्चों का भविष्य

शासकीय प्राथमिक शाला सिद्धि गंज में कल 80 बालक बालिका दर्ज है जिसमें कक्षा पहली में 12, दूसरी कक्षा में 6, तीसरी कक्षा 12, चौथी कक्षा 23 पांचवी कक्षा में 27 बालक बालिकाएं दर्ज है। इन बालक-बालिकाओं का भविष्य अंधकार में दिखता नजर आ रहा है। यदि इन मासूम बालक बालिकाओं को समय पर सही शिक्षा नहीं मिल पाएगी




तो यहां अपना जीवन किस तरह व्यतीत करेंगे। कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। ताकि वह अपना जीवन अच्छी तरह व्यतीत कर सके। जब बच्चों को शुरुआत में ही अच्छी शिक्षा प्राप्त नहीं होगी तो वह अपना जीवन किस तरह व्यतीत करेगा शिक्षा विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए और शिक्षक की जल्द व्यवस्था की जानी चाहिए।

**मुझे नहीं जानकारी, दिखवाता हूं**

मुझे इसकी जानकारी नहीं है। आष्टा बीओ से बोलकर दिखवाते है, बच्चों की शिक्षा के लिए जल्द व्यवस्था की जाएगी।

**संजय सिंह तोमर,** जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर

## श्री राम मंदिर में सुंदरकांड पाठ तथा भजन संध्या आज



**कोठरी।** शनिवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन स्वर्गीय डोंगरसिंह कन्नावदिया (हजारी) की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर कोठरी नगर व आसपास के सभी मंडलों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें सुंदरकांड पाठ तथा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। श्री राम मंदिर समिति के अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय डोंगरसिंह कन्नावदिया श्री राम मंदिर समिति के अभिन्न अंग थे। समाजसेवी के साथ धार्मिक प्रवृत्ति के समाजसेवी थे। उनकी चौथी पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सभी मंडलों को अपनी प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रण दिया गया है। यह कार्यक्रम मंदिर समिति, माही ट्रेडिंग कंपनी व उनके तीनों पुत्र बलराम वर्मा, कृष्णा पटेल (पत्रकार) और जानकी प्रसाद वर्मा(जे.पी.) ने अपने पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर रखा है। जिसमें कोठरी नगर व आसपास के ग्राम के सभी भजन मंडली को आमंत्रित किया गया है। पूरे नगर के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा भी होगी। यह कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र भी इसलिए बना हुआ है कि सभी मंडलों का एक जगह प्रस्तुति देने का आयोजन पहली बार मंदिर में किया जा रहा है। ताकि सभी भजन मंडलियों का सम्मान किया जा सके। वही पटेल ने यह भी कहा कि धर्म के प्रति लोगों की आस्था और सनातन धर्म के प्रति लगाव नागरिकों का बड़े। इसलिए सभी नगर वासियों व आसपास के क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से बुजुर्ग घायल, हो रहा उपचार



**आष्टा।** गवाखेड़ा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 65 वर्षीय शंकरलाल सूर्यवंशी पिता हरलाल सूर्यवंशी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे सीहोर रेफर किया गया। फिलहाल बुजुर्ग की हालत सामान्य है। सिविल अस्पताल में डॉक्टर संतोष करंजा ने प्राथमिक उपचार कर सीहोर रेफर किया। आकाशीय बिजली गिरने के बाद घायल अवस्था में गांव के सरपंच धर्मेंद्र सिंह ठाकुर आष्टा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे और इलाज करवाया।

# वन अमले को मिली सफलता: कार्रवाई में 29 हजार कीमत की सागवान लकड़ी की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद




रेंजर नवनीत झा के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम जंगल से लगे ग्रामीण क्षेत्र में निरंतर रात्रि गस्त कर रही है। जिसका परिणाम है कि वन विभाग को लगातार सफलता मिल रही है। वहीं मुखबिर भी पूरी सक्रियता के साथ वन विभाग का सहयोग कर रहे हैं।

गुरुवार को डिप्टी रेंजर कुमेरसिग चौहान अपनी टीम के साथ रात्री गस्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पिराना खेड़ी गांव की तरफ एक मोटरसाइकिल आ रही है जिस पर अवैध सागवान लकड़ी बंधी हुई है। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान अपनी टीम के साथ पिराना खेड़ी गांव पहुंचे। जहां उन्हें एक मोटरसाइकिल आती दिखी। वन विभाग की टीम को देख लकड़ी चोर मोटरसाइकिल सहित लकड़ी फेंक गांव की ओर भाग गया। वन विभाग की टीम ने मोटरसाइकिल व लकड़ी जब्त कर अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। मोटरसाइकिल व लकड़ी की कुल कीमत 29403 रुपए आकी गई। कार्रवाई में डिप्टी रेंजर कुमेरसिग चौहान, वनरक्षक बहादुर सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, फैजल वर्नी, चंचल चंदेल, स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेवाडा का योगदान रहा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर विधायक ने दिलवाई फिट इंडिया की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, मंडल उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, भाजपा नेता मनोज ताम्रकार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद प्रजापति, प्राचार्य सितवत खान ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा फिट इंडिया की शपथ भी दिलवाई गई। संस्था प्राचार्य सितवत खान द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पधारे सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विधायक ने राष्ट्रीय स्तर के सॉफ्टबाल खिलाड़ी पंकज मालवीय, राज्य स्तर के कबड्डी प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले खिलाड़ी छात्र निखिल पटेल, मुस्कान मेवाड़ा, रोशनी मेवाड़ा, ज्योति परमार, राज्य स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदीप तोमर और अमन यादव, राज्य स्तरीय क्रीकेट प्रतियोगिता में मोहिनी अवलोसिया, विवेक कोल, राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में माही कंडारे, राज्य स्तरीय फ्रिस्टाईल कुश्ती प्रतियोगिता में महेन्द्र वर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भूपेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर निहायत मंसूरी, भूपेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, राम सिंह, रवि कुमार, दीपक डावर, आशा रावत, जसपाल सिंह, राजेन्द्र मौर्य, पूजा असाड़े, कृतिका वर्मा, निर्मलदास बैरागी, विजय मंगल बगाना, डी.एस. मांडवा, कमलेश कुमार वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़िया, राजेश राठौर, सुनंदा वर्मा, सतीश पुष्पद आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस: मेजर ध्यानचंद की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहीद भगत सिंह स्नातक महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर रहे। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष निलेश खंडेलवाल, प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चैरसिया, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, धनरूपमल जैन, बसंत पाठक, राकेश प्रजापति, राजेश घेंघट, मोहित सोनी और मनोज ताम्रकार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। चेयर रेस प्रतियोगिता कार्यक्रम का सबसे मनोरंजक हिस्सा चेयर रेस प्रतियोगिता रही। इसमें विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर सहित सभी अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हंसी-खुशी और रोमांचक माहौल में हुए इस मुकाबले में अंततः जनभागीदारी अध्यक्ष निलेश खंडेलवाल विजयी रहे। विद्यार्थियों और अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। यह दृश्य कार्यक्रम की स्मरणीय झलक बन गया। इस कार्यक्रम में फिट इंडिया प्लेज की शपथ दिलाई गई व मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपेश पाठक ने किया।

## लाडली बहनाओं को शराबी कहना मप्र की आधी आबादी का घोर अपमान है: गोपालसिंह इंजीनियर



**आष्टा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की बहनों को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान घोर निंदनीय है। जीतू पटवारी ने जो कहा वो मध्यप्रदेश की समस्त बहनों का घोर अपमान है, उनका बयान कांग्रेस की महिला विरोधी और महिलाओं को दूषित दृष्टि से देखने वाली चरित्र को पुनः प्रमाणित करता है। जिस दिन प्रदेश की लाडली बहनाए सात्विक श्रद्धा से हरितालिका तीज का व्रत रख रही थी। ऐसे पावन अवसर पर उन बहनों को शराबी कहकर संबोधित किया जो न केवल बहनों का, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति और आस्था का भी घोर अपमान है । उक्त उदगार, जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की लाडली बहनाओ को शराबी कहे जाने पर आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भाजपा महिला मोर्चे द्वारा कालोनी चोराहे पर जीतू पटवारी का पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। भाजपा महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष ऋतु आनन्द जैन ने कहा की कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कांफ्रेंस में मप्र की लाडली बहनाओ को शराबी कहना बहुत ही शर्मनाक है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में महिला मोर्चे ने जीतू पटवारी के पुतले की पहले चप्पलों से पिटाई की उसके बाद पुतले का दहन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पुतला दहन कार्यक्रम में ऋतु आनन्द जैन, नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा,तारा कटारिया, लता मुकाती, गिरजा कुशवाह, विशाल चौरसिया,धनरूपमल जैन, मोहित सोनी, रवि शर्मा, अर्जुन कर्मनखेड़ी,मनोज ताम्रकार,मनीष धारवा,माखन कुशवाहा, मानकुंवर मेवाड़ा,भगवत मेवाड़ा,तेजपाल मुकाती,आनन्द जैन,जयसिंह ठाकुर,वीरेन्द्र ठाकुर,तेजसिंह कप्तान, बबली कुशवाह,रूपाली चौरसिया,अनीता ठाकरे,निर्मला कुशवाहा,संध्या देवांग,मधु पाठक नेहा राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चे की बहने, भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी,कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे।

### श्वेतांबर जैन समाज का नगर में निकला वरघोड़ा, किया बहुमान

# अहिंसा, मैत्री, करुणा का पालन कर जीवन को सार्थक बनाएं: मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्वेतांबर जैन पर्यूषण का समापन संवत्सरी महापर्व के साथ होता है, जिसे जैन धर्म में सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। समाजजनों द्वारा किला स्थित गिरनार तीर्थ से सिद्धीतप के तपस्वियों का वरघोड़ा प्रारंभ किया जो बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार, गंल मंदिर, सुभाष चौक, दादावाड़ी होता हुआ मानस भवन पहुंचा जहां तपस्वियों का बहुमान, पारणा, स्वामीवात्सल्य, सामूहिक क्षमापना के साथ संपन्न हुआ। पर्यूषण महापर्व, जैन धर्म का वह पवित्र स्तंभ है, जो हर वर्ष अपने अनुयायियों को आत्म-शुद्धि और आध्यात्मिक उत्थान की ओर प्रेरित करता है। यह केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि आत्म-निरीक्षण, तपस्या और क्षमा का एक गहन अभियान है, जिसका उद्देश्य आत्मा को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर उसे अपनी वास्तविक प्रकृति के करीब लाना है। सिद्धीतप के तपस्वियों का वरघोड़ा दादावाड़ी से कॉलोनी चौराहा पहुंचा, जहां नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा वरघोड़ा में शामिल जैन मुनियों, सिद्धीतप की कठीन तपस्या करने वाले श्रद्धालुओं, समाज के वरिष्ठजनों का बहुमान किया। इस अवसवर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वरघोड़ा में मिच्छामी दुक्कड़म कहते हुए क्षमायाचना की और सभी तपस्वियों को तपस्या पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी। श्री मेवाड़ा ने कहा कि आज पर्यूषण पर्व का समापन है, जिसे पर्वों का राजा कहा जाता है। आप सभी के लिए यह आत्म-शुद्धि, आत्म-नियंत्रण और आत्मा के कल्याण का महापर्व है। इन आठ दिनों की साधना ये आप सभी को इंद्रियों और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना सिखाया है और धर्मग्रंथों के अध्ययन के माध्यम से ज्ञान का प्रकाश फैलाया है। मैं कामना करता हूं कि हम सभी पर्यूषण पर्व से प्राप्त ऊर्जा को अपने जीवन में धारण करें और अहिंसा, मैत्री तथा करुणा का पालन करते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाएं। आप सभी को क्षमावाणी की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर मोहनबाबू शर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, सुभाष नामदेव, हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, यश छाजेड़, आनंद गोस्वामी, कैलाश शर्मा, दिनेश पाटीदार आदि मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह पहुंचे सेठी निवास, किया स्वागत सम्मान



**आष्टा।** कांग्रेस के दिग्गज और सीनियर लीडर पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह और उनकी धर्म पत्नी नम्रता सिंह गुरुवार को कन्नौद जाते समय आष्टा के कांग्रेस नेता स्वर्गीय राजमल सेठी के निवास पर पहुंचे। जहां पर सेठी परिवार से स्नेही मुलाकात कर राजनीतिक चर्चा की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और नम्रता सिंह का सेठी निवास पर कांग्रेस नेता सुनील सेठी और सेठी परिवार ने अतिथि देवों भव की परम्परा का निर्वहन करते हुए स्वागत सत्कार किया। वही इस मौके पर सेठी परिवार के सिद्धांत सेठी सहित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विनीत सिंघी भी मौजूद रही।